प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

अनुराग सिंह ठाकुर

केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज जिला हमीरपुर की ग्राम पंचायत नेरी, सासन, अणु, बजूरी तथा भगेटू में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे जिला बिलासपुर के घुमारवी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डोरू में अनुसूचित जनजाती मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर के भोरंज में पूर्व सैनिक सम्मेलन तथा बस्सी में पंचायती राज प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगे।

सुखविंदर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी के खुडिंया में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे डाडासिबा में भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

जनसभा

लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार की कड़ी में आज शिमला के चौड़ा मैदान में शिमला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में चुनावी जनसभा आयोजित की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, राज्य सभा सासंद सिंकदर कुमार और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता जनसभा को संबोधित करेंगे।

निर्दलीय विधायक

विधानसभा अध्यक्ष ने तीन निर्दलीय विधायकों का मामला अंतिम सुनवाई के लिए लगा दिया है। हालांकि अभी तक इसकी तिथि तय नहीं की गई है लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने जून के पहले सप्ताह में अंतिम सुनवाई रखने की बात कही है। यदि ये विधायक अंतिम सुनाई में पेश नही होते है तो उसी दिन विधानसभा अध्यक्ष फैसला भी सुना देंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 22 मार्च को इन निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा दिया और बिना इस्तीफा मंजूर हुए 23 मार्च को भाजपा में शामिल हो गए थे। जबकि विधानसभा नियमों के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता।

लोक अदालत

प्रदेश भर के न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। लोक अदालतों में प्री–लिटिगेशन और लम्बित मामले निपटाए गए। इन लोक अदालतों में विभिन्न पीठों के समक्ष 71 हजार 9 सौ 70 मामले उठाए गए जिनमें से 29 हजार 3 सौ 10 मामलों का निपटारा कर लिया गया है। इस दौरान करीब 54 करोड़ रूपए से अधिक की राशि दावेदारों के लिए वसूल की गई।

मतदान केन्द्र

किन्नौर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल पूह क्षेत्र के सुमरा, शलखर और चांगो मतदान केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कार्य करने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आहवान् किया।

बद्रीनाथ कपाट

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह छह बजे वैदिक मंत्रोच्चायण के साथ खुल गये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बद्रीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष इंतजाम किये गये हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही सभी चारों धाम अब श्रद्धालुओं के लिये खुल गये हैं। इससे पहले केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट दस मई को खोले गये थे।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कल तेज हवाएं, अंधड, ओलावृष्टि व बारिश हुई। ऑरेंज अलर्ट के चलते शिमला जिला के सेब उत्पादित क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 7 जिलों में बारिश व तूफान का अलर्ट जारी किया है। किन्नौर जिला प्रशासन ने ओरेंज अलर्ट को देखते हुए नागरिकों व पर्यटकों को ऊंचे स्थानों पर न जाने की हिदायत दी है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

पंजाब केसरी व दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है–अनुराग ठाकुर की विजय संकल्प यात्रा में समीरपुर से हमीरपुर तक उमड़ा जनसैलाब। दैनिक जागरण के शब्द हैं– अब ऐसा कोई बचा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं जबकि अमर उजाला लिखता है–पहले भाई छले, अब बहनों के भरे जा रहे फार्म। इसी अखबर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से खबर को सुर्खी दी है–बेईमानों का साथ नहीं देती देवभूमि की जनता।

पंजाब केसरी की एक खबर है– पांच राज्यों में चल रहे नशीली दवाओं के नैटवर्क का भंडाफोड़–7 गिरफ्तार। आपका फैसला के अनुसार–सोलन पुलिस ने कुल्लू में बरामद की 5 करोड़ रुपए की हाई क्वालिटी चरस।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–तीनों निर्दलीय विधायकों पर दलबदल कानून के तहत होगी कार्रवाई। जबकि हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–राहुल गांधी के प्रचार को रायबरेली जा सकते हैं–सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–ओलों से सेब की 25 प्रतिशत फसल चौपट, आज भी 7 जिलों में बारिश –तूफान का अलर्ट। अमर उजाला के अनुसार–रामपुर में ओलावृष्टि, मंडी में रसोईघर पर गिरा पेड़–पिता की मौत–बेटा घायल।

———————————————